नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

नेपा मिल: कागज की उत्पादन लागत में 15 से 18 सौ रुपये प्रति मीट्रिक टन की होगी बचत

# पहली बार 12.30 मेगावाट की क्षमता से किया काम

नईदुनिया न्यूज नेपानगर: नेपा लिमिटेड के पावर हाउस ने शनिवार को अपनी सर्वोच्च क्षमता 12.30 मेगावाट की क्षमता से कार्य किया। यह बीते पैंतीस साल यानी 1989 से अब तक का सर्वाधिक है। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के नेतृत्व में प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी और हैदराबाद की टर्बो एसोसिएट पावर सर्विस के साथ लगभग एक महीने से चल रही मशक्कत के बाद टेस्टिंग सफल रही है।

इससे मिल के विभिन्न संयंत्रों को विद्युत की आपूर्ति हो सकेगी। सीएमडी ने बताया कि पावर हाउस की बढ़ी क्षमता से उत्पादन लागत में 15 सौ से 18 सौ रुपये प्रति मीट्रिक टन की कमी आएगी।



नेपा मिल के पावर हाउस की जांच करते अधिकारी व कर्मचारी।

मरम्मत और तकनीकी दक्षता के साथ यह संयंत्र पूरी तरह से अपग्रेड हो गया है। लगभग 10 साल तक इसे बिना किसी तकनीकी बाधा के इसी क्षमता से चलाया जा सकेगा।

प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी ने बताया कि लक्ष्य को हासिल करने में भेल संयंत्र के तकनीकी अनुभव का भरपूर लाभ मिला। वहां के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंता राकेश श्रीवास्तव, नरसिम्हा गौड़, आरपी सिंह ने भी मार्गदर्शन दिया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर पटले, स्वतंत्र कुमार कसेरा, सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल करोले, एलडी जेठवानी, किशोर ठाकरे, सतीश राउत आदि मौजूद थे।

दैनिक भास्कर

## बुरहानपुर 01-12-2024

उपलब्धि • हैदराबाद के टर्बो एसोसिएट पावर सर्विस के साथ मिलकर की जा रही थी टेस्टिंग

# पावर हाउस ने हासिल की 12.30 मेगावाट की सर्वोच्च क्षमता

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के पावर हाउस ने 1989 से लेकर आज तक के इतिहास की 12.30 मेगावाट की अपनी सर्वोच्च क्षमता हासिल कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के नेतृत्व में प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी और उनकी टीम ने हैदराबाद के टर्बो एसोसिएट पावर सर्विस के साथ लगभग एक महीने की मशक्कत के बाद विभिन्न टेस्टिंग प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण कर सारी तकनीकी दक्षताएं पूरी कर ली।

अब यह संयंत्र 10 या 11 मेगावाट नहीं बल्कि, अपनी अधिकतम क्षमता 12.27 से आगे जाकर 12.30 मेगावाट का उच्चतम स्तर हासिल किया है। सबसे उल्लेखनीय बात है कि यह क्षमता तब हासिल हुई है जबकि यह संयंत्र 35 वर्षों के संचालन के पश्चात लगभग अपनी आयु पूर्णता की ओर है। इस उपलब्धि से अब इस संयंत्र की आयु लगभग 5 से 8 वर्ष और बढ़ गई है। अब यह पावर हाउस अपनी सर्वोच्च क्षमता 12.30 मेगावाट के साथ नेपा लिमिटेड के विभिन्न संयंत्रों को विद्युत प्रदाय कर सकेगा। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने कहा- नेपा लिमिटेड का यह पावर हाउस 35 वर्षों के अपने स्थापना के इतिहास में पहली बार इस क्षमता के साथ संचालित होगा। इस बढ़ी हुई क्षमता के कारण उत्पादन के लागत मूल्य पर लगभग 1500 से 1800 रुपए प्रति मीट्रिक टन की बचत होगी। जिस हिसाब की ओवरहॉलिंग और तकनीकी दक्षताओं के साथ यह संयंत्र पूरी तरह से अपग्रेड हुआ है। प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी, सीएमडी राकेश कुमार चोखानी, मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन, उपप्रबंधक पावर हाउस सुधीर पटले, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल करोले, एलडी जेठवानी, किशोर ठाकरे, सतीश राउत, वरुण पाल, भूषण नेमाड़े, पीयूष साक्कारे, समीर अहमद, सुंदर फुलझेले मौजूद रहे।



अफसरों से चर्चा करते हुए नेपा मिल सीएमडी राकेश कुमार चोखानी।

पत्रिका

एक महीने की मशक्कत के बाद विभिन्न टेस्टिंग प्रक्रियाओं को सफलता पूर्वक पूर्ण किया

# नेपा लिमिटेड के पॉवर हाउस ने हासिल की अपनी सर्वोच्च क्षमता

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के पावर हाउस ने 1989 से लेकर आज तक के इतिहास की 12.30 मेगावाट की अपनी सर्वोच्च क्षमता हासिल कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि अपने नाम कर ली है।

सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के नेतृत्व में प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी और उनकी टीम ने हैदराबाद के टर्बो एसोसिएट पॉवर सर्विस के साथ लगभग एक महीने की मशक्कत के बाद विभिन्न टेस्टिंग प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण कर ओवरहॉलिंग की सारी तकनीकी दक्षताएं पूरी कर ली। अब यह संयंत्र 10 या 11 मेगावाट नहीं बल्कि, अपनी अधिकतम क्षमता 12.27 से आगे जाकर 12.30 मेगावाट का उच्चतम स्तर हासिल किया हैं। सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि यह क्षमता तब हासिल हुई है जबकि यह संयंत्र 35 वर्षों के संचालन के बाद लगभग अपनी आयु पूर्णता की ओर है। इस उपलब्धि से अब इस संयंत्र की आयु लगभग 5 से 8 वर्ष और बढ़ गई है। अब यह पावर हाउस अपनी सर्वोच्च क्षमता 12.30 मेगावाट के साथ नेपा लिमिटेड के विभिन्न संयंत्रों को विद्युत प्रदाय कर सकेगा।



नेपा मिल में हुआ आयोजन।

सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने कहा नेपा लिमिटेड का यह पावर हाउस 35 वर्षों के अपने स्थापना के इतिहास में पहली बार इस क्षमता के साथ संचालित होगा। इस बढ़ी हुई क्षमता के कारण उत्पादन के लागत मूल्य पर लगभग 1500 से 1800 रुपए प्रति मीट्रिक टन की बचत होगी। जिस हिसाबकी ओवरहॉलिंग और तकनीकी दक्षताओं के साथ यह संयंत्र पूरी तरह से अपग्रेड हुआ हैं आनेवाले लगभग 10 सालों तक इसके बिना किसी तकनीकी बाधा के इसी क्षमता के साथ कार्य करने की आशा हैं।

प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी ने बताया इस लक्ष्य को हासिल करने में स्वयं सीएमडी के भेल संयंत्र के तकनीकी अनुभव का हमें भरपूर लाभ मिला। सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंताओं राकेश कुमार श्रीवास्तव, नरसिम्हा गौड़, आरपी सिंह का भी मार्गदर्शन मिला। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर पावर हाउस की टीम का अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन, उपप्रबंधक पावर हाउस सुधीर पटले, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल करोले, एलडी जेठवानी, किशोर ठाकरे, सतीश राउत, वरुण पाल, भूषण नेमाड़े, पीयूष सावकारे, समीर अहमद, सुंदर फुलझेले आदि मौजूद रहे।

01/12/2024 | burahanpur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

# नेपा लिमिटेड का पावर हाउस अपनी सर्वोच्च क्षमता 12.30 मेगा वाट के साथ विभिन्न संयंत्रों को कर सकेगा विद्युत प्रदाय

**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के पावर हाउस ने वर्ष 1989 से लेकर आज तक के इतिहास की 12.30 मेगा वाट की अपनी सर्वोच्च क्षमता हासिल कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के नेतृत्व में प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी और उनकी टीम ने हैदराबाद के टर्बो एसोसिएट पावर सर्विस के साथ लगभग एक महीने की मशक्कत के बाद विभिन्न टेस्टिंग प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण कर ओवरहॉलिंग की सारी तकनीकी दक्षताएं पूरी कर ली। अब यह संयंत्र 10 या 11 मेगावाट नहीं बल्कि, अपनी अधिकतम क्षमता 12.27 से आगे जाकर 12.30 म॰ व॰ का उच्चतम स्तर हासिल किया हैं। सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि यह क्षमता तब हासिल हुई है जबकि यह संयंत्र 35 वर्षों के संचालन के पश्चात लगभग अपनी आयु पूर्णता की ओर है। इस उपलब्धि से अब इस संयंत्र की आयु लगभग 5 से 8 वर्ष और बढ़ गई है।

अब यह पावर हाउस अपनी सर्वोच्च क्षमता 12.30 मेगा वाट के साथ नेपा लिमिटेड के विभिन्न संयंत्रों को विद्युत प्रदाय कर सकेगा। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने शनिवार को पावर हाउस पहुंचकर प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी और उनकी टीम को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए बताया कि नेपा लिमिटेड का यह पावर हाउस 35 वर्षों के अपने स्थापना के इतिहास में पहली बार इस क्षमता के साथ संचालित होगा। इस बढ़ी हुई क्षमता के कारण उत्पादन के लागत मूल्य पर लगभग 1500 से 1800 रुपए प्रति मीट्रिक टन की बचत होगी। जिस हिसाब की ओवरहॉलिंग और तकनीकी दक्षताओं के साथ यह संयंत्र पूरी तरह से अपग्रेड हुआ है, आनेवाले लगभग 10 सालों तक इसके बिना किसी तकनीकी बाधा के इसी क्षमता के साथ कार्य करने की आशा हैं। प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी ने बताया कि इस लक्ष्य को हासिल करने में स्वयं सीएमडी साहब के भेल संयंत्र के तकनीकी अनुभव का हमें भरपूर लाभ मिला साथ ही भेल के ही सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंताओं राकेश कुमार श्रीवास्तव, नरसिम्हा गौड़, आरपी सिंह का भी जमीनी स्तर पर भरपूर मार्गदर्शन मिला। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर पावर हाउस की टीम का अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन, उपप्रबंधक पावर हाउस सुधीर पटले, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल करोले, एल डी जेठवानी, किशोर ठाकरे, सतीश राउत, वरुण पाल, भूषण नेमाड़े, पीयूष सावकारे, समीर अहमद, सुंदर फुलझेले आदि मौजूद रहे।



स्वदेश
खंडवा - मुख्य संस्करण
Date 1 Dec 2024



# नेपा लि. के पावर हाउस ने 12.30 मेगावाट की सर्वोच्च क्षमता प्राप्त की

**स्वदेश समाचार ■ नेपानगर**

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के अधीनस्थ नेपा लिमिटेड ने अपनी पावर हाउस यूनिट के माध्यम से उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इसने वर्ष 1989 से लेकर अब तक के इतिहास में 12.30 मेगावाट की सर्वोच्च क्षमता प्राप्त की है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

नेपा लिमिटेड के पावर हाउस ने पहले 10-11 मेगावाट की सीमा में कार्य किया था। अब इसे ओवरहॉलिंग और तकनीकी उन्नति के बाद 12.30 मेगावाट तक अपग्रेड किया गया।यह पावर हाउस 35 वर्षों के संचालन के बाद लगभग अपनी आयु पूर्णता पर था। अब तकनीकी उन्नति और ओवरहॉलिंग के बाद इसकी आयु 5 से 8 वर्षों तक और बढ़ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह संयंत्र आने वाले 10 वर्षों तक बिना किसी बड़ी तकनीकी बाधा के काम कर सकता है। इस उन्नति सेउत्पादन लागत में प्रति मीट्रिक टन 1500-1800 रुपये की बचत होगी। इस उपलब्धि में सीएमडी राकेश कुमार चोखानी का नेतृत्व और प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी और उनकी टीम का अथक प्रयास शामिल है। हैदराबाद की टर्बो एसोसिएट पावर सर्विस की मदद से विभिन्न तकनीकी टेस्टिंग और ओवरहॉलिंग प्रक्रियाएं पूरी की गई।

# भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम नेपा लिमिटेड के पावर हाउस ने हासिल की अपनी सर्वोच्च क्षमता ...

जन जागरण संदेश



**सदाकत अंसारी/ बुरहानपुर/** भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम नेपा लिमिटेड के पावर हाउस ने वर्ष 1989 से लेकर आज तक के इतिहास की 12.30 मेगा वाट की अपनी सर्वोच्च क्षमता हासिल कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के नेतृत्व में प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी एवं उनकी टीम ने हैदराबाद के टर्बो एसोसिएट पावर सर्विस के साथ लगभग एक महीने की मशक्कत के बाद विभिन्न टेस्टिंग प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण कर ओवरहॉलिंग की सभी तकनीकी दक्षताएं पूरी कर ली। अब यह संयंत्र 10 या 11 मेगावाट नहीं बल्कि, अपनी अधिकतम क्षमता 12.27 से आगे जाकर 12.30 मेगा का उच्चतम स्तर हासिल किया है। सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि यह क्षमता तब हासिल हुई है जबकि यह संयंत्र 35 वर्षों के संचालन के पश्चात लगभग अपनी आयु पूर्णता की ओर है। इस उपलब्धि से अब इस संयंत्र की आयु लगभग 5 से 8 वर्ष और बढ़ गई है। अब यह पावर हाउस अपनी सर्वोच्च क्षमता 12.30 मेगा वाट के साथ नेपा लिमिटेड के विभिन्न संयंत्रों को विद्युत प्रदाय कर सकेगा। भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम नेपाल लिमिटेड के सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने शनिवार को पावर हाउस पहुंचकर प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी और उनकी टीम को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए बताया कि नेपा लिमिटेड का यह पावर हाउस 35 वर्षों के अपने स्थापना के इतिहास में पहली बार इस क्षमता के साथ संचालित होगा। इस बढ़ी हुई क्षमता के कारण उत्पादन के लागत मूल्य पर लगभग 1500 से 1800 रुपए प्रति मीट्रिक टन की बचत होगी। जिस हिसाब की ओवरहॉलिंग और तकनीकी दक्षताओं के साथ यह संयंत्र पूरी तरह से अपग्रेड हुआ है, आनेवाले लगभग 10 सालों तक इसके बिना किसी तकनीकी बाधा के इसी क्षमता के साथ कार्य करने की आशा है। नेपा लिमिटेड कारखाना प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी ने बताया कि इस लक्ष्य को हासिल करने में स्वयं सीएमडी साहब के भेल संयंत्र के तकनीकी अनुभव का हमें भरपूर लाभ मिला साथ ही भेल के ही सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंताओं राकेश कुमार श्रीवास्तव, नरसिम्हा गौड़, आरपी सिंह का भी जमीनी स्तर पर भरपूर मार्गदर्शन मिला। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर पावर हाउस की टीम का अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक कार्यक्रम में राम अलागेसन, उपप्रबंधक पावर हाउस सुधीर पटले, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल करोले, एल डी जेठवानी, किशोर ठाकरे, सतीश राउत, वरुण पाल, भूषण नेमाड़े, पीयूष सावकारे, समीर अहमद, सुंदर फुलझेले आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।